July
2024

खंड/Vol. : 49 अंक/Issue :126
09/07/2024

# समाचार पत्रों से चयित अंश
# Newspapers Clippings

डीआरडीओ समुदाय को डीआरडीओ प्रौद्योगिकियों, रक्षा प्रौद्योगिकियों, रक्षा नीतियों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की नूतन जानकारी से अवगत कराने हेतु दैनिक सेवा

**A Daily service to keep DRDO Fraternity abreast with DRDO Technologies, Defence Technologies, Defence Policies, International Relations and Science & Technology**




रक्षा विज्ञान पुस्तकालय
**Defence Science Library**
रक्षा वैज्ञानिक सूचना एवं प्रलेखन केंद्र
**Defence Scientific Information & Documentation Centre**
मेटकॉफ हाउस, दिल्ली - 110 054
**Metcalfe House, Delhi - 110 054**

## The Economic Times, Page-03, 09th July 2024

JETS WILL BE CUSTOMISED TO WORK WITH RUSSIAN-ORIGIN AIRCRAFT CARRIERS

# Rafale M Deal: India Negotiating Lower Price After ₹56,000-cr Offer by France



### Fighter Jets for Navy

India acquiring **26 Rafale M** fighters for its aircraft carriers

**French negotiatiers in capital to discuss pricing**

**Indian side working to lower acquisition cost after France submitted bid for nearly ₹56,000 crore**

**Current fleet of MiG 29Ks facing major maintenance issues**



**France also in talks** for larger deal to make Rafale jets in India, would require an order for atleast **100** jets

**Manu Pubby**

**New Delhi:** The defence ministry is negotiating to lower the acquisition price for Rafale M fighter jets that have been selected to meet the requirement of aircraft carrier-borne combat aircraft of the Indian Navy.

Sources said that the second round of price negotiations have started in the South Block and the Indian side is looking to get the best deal after the French side submitted a bid of around Rs 56,000 crore for 26 fighter jets.

The fighter jets are urgently required as two Indian aircraft carriers — INS Vikramaditya and Vikrant — are now in service and the current fleet of MiG 29K fighters have shown below par performance due to maintenance-related issues.

The Navy had conducted trials, earlier on the Rafale M as well as the F/A 18 Super Hornet, that was on offer from US' Boeing. After the trials, the Navy selected the French option as the winner and detailed techno-commercial negotiations started earlier this year.

The jets will be customised to Indian requirements and have to be integrated into the aircraft carriers that have a Russian origin Aviation Facility Complex (AFC), presenting some technical hurdles.

The fighter jets are to be bought off the shelf as the numbers are not adequate to set up a production line in India. France, on its part, has been pitching a larger deal for the Rafale fighters and has offered to set up a production line if the order book reaches around a hundred aircraft.

The Rafale is already in service with the Air Force — 36 of the jets were ordered in 2016 for close to Rs 59,000 crore — and the French side is strongly pitching it to be acquired in greater numbers. The Air Force has a requirement of 114 fighter jets of the same type but, as of now, seems to be going for a competitive bidding process for the acquisition.

The carrier-borne jets are being acquired as a stop-gap solution till the development of an indigenous carrier-borne fighter jet. The development of a Twin Engine Deck Based Fighter is currently underway but is expected to take close to a decade to be operational.

**INDIGENOUS JET**

**The development of a Twin Engine Deck-based fighter is currently underway but is expected to take close to a decade to be operational**

## Dainik Jagran, Page-13, 09th July 2024

# नौसेना के लिए राफेल खरीद पर फ्रांस से हो रहा मोलतोल

- सरकार 50 हजार करोड़ से कम पर सौदा करने के प्रयास में
- 26 लड़ाकू विमानों की दोनों युद्धपोतों पर होगी तैनाती

**नई दिल्ली, एएनआइ:** नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान की खरीद के लिए भारत सरकार फ्रांस के साथ कड़ा मोलभाव कर रही है। 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के सौदे के लिए इन दिनों कंपनी और फ्रांस सरकार के अधिकारियों के साथ दूसरे दौर की वार्ता चल रही है। यह वार्ता 10-12 दिन चलने की उम्मीद है। इसमें विमानों की कीमत को लेकर काफी हद तक अंतिम निर्णय हो जाएगा।

फ्रांस की ओर से इस सौदे के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मांगे जा रहे हैं जबकि भारत इसे 50 हजार करोड़ से कम में ही करना चाहता है। इस सौदे में विमानों को हथियारों के साथ लिया जाना है। प्रत्येक विमान में कई तरह की मिसाइलें लगाई जाएंगी। इस बातचीत से पहले नौसेना के विमानवाहक पोत पर राफेल मरीन विमानों के उतरने और उड़ान भरने की क्षमता को परखा गया है। इन प्रक्रियाओं को बेहतर करने के लिए विमानों में अलग से भी कुछ उपकरण लगाए जाएंगे।

# Hindustan Times, Page-10, 09th July 2024

# Oil pump glitch likely behind first-ever crash of IAF's Tejas

Rahul Singh
rahul.singh@hindustantimes.com



The locally produced single-engine fighter jet crashed near Jaisalmer in Rajasthan on March 12. ANI

**NEW DELHI:** An ongoing investigation into the first-ever crash of the Indian Air Force's light combat aircraft (LCA-Mk-1) Tejas three months ago points towards engine seizure as the most likely cause of the accident, two officials aware of the matter said on Monday.

The locally produced single-engine fighter jet crashed near Jaisalmer in Rajasthan on March 12, minutes after taking part in a tri-services exercise that sought to demonstrate the strides India has made towards self-reliance in the defence manufacturing sector. The pilot ejected safely.

"The engine seizure appears to have been caused by an oil pump malfunction," said one of the officials cited above, asking not to be named. To be sure, the court of inquiry into the accident is yet to be completed.

IAF inducted its first Tejas aircraft in July 2016 and currently operates two Mk-1 squadrons. The aircraft that crashed was part of the 40 Mk-1 jets inducted by IAF in the initial operational clearance (IOC) and the more advanced final operational clearance (FOC) configurations — the first variants of LCA.

IAF ordered the inspection of each plane after the March 12 crash.

"Safety checks on the entire LCA Mk-1 fleet were carried out. No safety issues were found with the fighter," said the second official, who also asked not to be named. LCA Mk-1 is powered by US firm GE Aerospace's F404 engine.

The engine failure ended the accident-free flying record of LCA Mk-1.

The reliability of modern jet engines is high and such failure is rare, said Air Marshal Anil Chopra (retd), former director general, Centre for Air Power Studies. "Safety is paramount for IAF, and it will get to the bottom of the matter," said Chopra, who became the first air marshal in the world to eject from a fighter plane 12 years ago after the engine of his Mirage 2000 seized.

The doomed LCA Mk-1 had flown during the tri-services Bharat Shakti exercise at the Pokhran firing range near Jaisalmer along with another Tejas fighter before it went down.

The two fighters had carried out some manoeuvres and fired flares during the exercise that was witnessed by Prime Minister Narendra Modi, defence minister Rajnath Singh, chief of defence staff General Anil Chauhan, IAF chief Air Chief Marshal VR Chaudhari, then army chief General Manoj Pande, and then navy chief Admiral R Hari Kumar and others.

The integrated tri-services "live fire and manoeuvre" exercise, Bharat Shakti, displayed how the Indian military plans to leverage its indigenous capabilities for dominating the battlefield and crushing any threat to the country's security.

In February, Tejas fighters took part in the exercise Vayu Shakti-24 at the Pokhran air-to-ground range and showcased their swing-role capability as they first engaged aerial targets, and later ground ones.

In November 2023, Modi flew in a LCA Mk-1 Tejas in Bengaluru and described the experience as "incredibly enriching" while also heaping praise on the country's indigenous military capabilities. His sortie in the fighter jet was seen as a significant endorsement of the LCA programme, and turned the spotlight on the locally produced fighter jet that IAF is looking at inducting in big numbers and India is also seeking to export.

IAF ordered 83 Mk-1A fighters for Rs 48,000 crore in February 2021, and plans to buy 97 more Mk-1As at an estimated cost of ₹67,000 crore.

LCA is set to emerge as the cornerstone of IAF's combat power in the coming decade and beyond.

IAF, the world's fourth largest air force, is expected to operate around 350 LCAs (Mk-1, Mk-1A and the future Mk-2), with a third of those already ordered, some inducted, and the rest figuring prominently on the air force's modernisation road map and expected to be contracted in the coming years.

The newer variants, Mk-1A and Mk-2, will come with significantly improved features and technologies over the current Mk-1 aircraft.

IAF will deploy the Mk-1As at forward air bases in the western sector to bolster its combat readiness against Pakistan and fill voids left by the gradual phasing out of the MiG-21s.

The LCA project was sanctioned in 1983 as a replacement for MiG-21s. While the Mk-1 and Mk-1A variants will replace MiG-21 fighters, the Mk-2 aircraft is planned as a replacement for the MiG-29s, Mirage-2000s and Jaguar fighters that will start retiring in the coming decade.

# Navbharat Times, Page-09, 09th July 2024

# सेना ने की सिफारिश, हर बैच से कम-से-कम 50% अग्निवीर परमानेंट हों

Poonam.Pandey@timesofindia.com

File



- भारतीय सेना ने डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स यानी डीएमए को भेजी सिफारिशें
- टेक्निकल आर्म में अग्निवीरों की अधिकतम उम्र बढ़ाने की भी सिफारिश की गई है

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना ने सिफारिश की है कि अग्निवीर अगर वीरगति (killed in action) को प्राप्त होते हैं तो उनके परिवार को जीवन निर्वहन के लिए पेंशन जैसी मदद दी जाए। सेना ने यह भी सिफारिश की है कि 50 पर्सेंट या इससे ज्यादा अग्निवीरों को परमानेंट किया जाए। अभी अग्निपथ स्कीम के तहत अधिकतम 25 पर्सेंट अग्निवीरों को ही परमानेंट करने का प्रावधान है।

सेना ने करीब चार महीने तक अपनी सभी यूनिट से अग्निपथ स्कीम और अग्निवीरों को लेकर फीडबैक लिया और पूरा सर्वे कराया। सर्वे के आधार पर अपनी सिफारिशें डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स यानी डीएमए को भेजी हैं। डीएमए प्रमुख चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ हैं। सूत्रों के मुताबिक, सिफारिश में कहा गया है कि अगर अग्निवीर वीरगति को प्राप्त होते हैं तो उनके परिवार को subsistence allowance (जीवन निर्वाह भत्ता) दिया जाना चाहिए। एक अधिकारी के मुताबिक, यह एक तरह से पेंशन ही है। यह भी कहा गया है कि देश की रक्षा के लिए काम करते हुए अग्निवीर डिसएबल्ड (विकलांग) होते हैं तो उन्हें भी एक्स ग्रेशिया (आर्थिक मदद) दिया जाना चाहिए। अभी अग्निपथ इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है।

सेना की सिफारिश है कि हर बैच में कम-से-कम 50 पर्सेंट अग्निवीरों को परमानेंट किया जाना चाहिए। इसके साथ ही टेक्निकल आर्म में अग्निवीरों की अधिकतम एज बढ़ाने की भी सिफारिश की गई है। सूत्रों के मुताबिक, सेना की तरफ से अग्निवीर का कार्यकाल चार साल से बढ़ाने जैसी कोई सिफारिश नहीं की गई है। भारतीय सेना में अग्निपथ स्कीम जून 2022 में लागू की गई और इसके साथ ही पुराने भर्ती सिस्टम को पूरी तरह खत्म कर दिया गया। सेना में जितनी भी भर्ती हो रही हैं वह सब अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीरों की हो रही हैं। स्कीम लागू होने के साथ ही इसे लेकर सवाल भी उठने लगे और इसका विरोध भी होने लगा।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि सरकार में आने पर वे अग्निपथ स्कीम को खत्म कर पुराने भर्ती सिस्टम को लागू करेंगे। पहले संसद सत्र में इंडिया गठबंधन ने अग्निपथ स्कीम का विरोध किया और अग्निवीर और रेगुलर सैनिकों के बीच भेदभाव का मसला उठाया। कई रिटायर्ड ऑफिसर कह चुके हैं कि अग्निपथ स्कीम सेना की ऑपरेशनल क्षमता और युद्ध लड़ने की योग्यता को कम करेगी।

पूर्व नेवी चीफ एडमिरल के.बी. सिंह ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर लिखा 'अग्निपथ स्कीम लाने के पीछे मोटिव सिर्फ पेंशन बिल घटाना था। जबकि तथ्य यह है कि यह स्कीम कॉम्बेट इफेक्टिवनेस को कम करेगी और ये तथ्य नैशनल सिक्योरिटी को समझने वाले सभी लोग जानते हैं।'

Navbharat Times, Front Page-02, 09th July 2024

# चाबहार से रूस तक ट्रेड, फाइटर जेट पर हो सकती है मोदी-पूतिन की बात

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस पहुंचे। रूस के फर्स्ट डिप्टी PM डेनिस मांतुरोव ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मांतुरोव मोदी को हवाई अड्डे से उनके होटल तक छोड़ने उनके साथ गए। जब चीन के राष्ट्रपति रूस गए थे तब उन्होंने जिन डिप्टी पीएम ने रिसीव किया था मांतुरोव उनसे सीनियर हैं। इस यात्रा में मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लामिदीर पूतिन के बीच ट्रेड से लेकर रक्षा सौदों तक कई मुद्दों पर बातचीत की उम्मीद है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह मोदी का पहला रूस दौरा है। इससे पहले 2019 में मोदी रूस गए थे। मंगलवार को मोदी-पूतिन 22वें भारत-रूस सालाना शिखर सम्मेलन में व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर बात करेंगे। मॉस्को पहुंचकर पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध मजबूत होने से दोनों देशों के लोगों को बहुत लाभ होगा और हम दोनों देशों के बीच खास रणनीतिक साझेदारी को और ज्यादा मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

**यूक्रेन संघर्ष पर भी हो सकती है दोनों में बातचीत**

मोदी-पूतिन के बीच दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की बातचीत पर सबसे ज्यादा फोकस रह सकता है। भारत भी रूस में फार्मा सेक्टर, ऑटोमोबिल, टेक्सटाइल, ऑयल-गैस में ट्रेड बढ़ाना चाहता है। साथ ही भारत की मदद से डिवेलप किए जा रहे ईरान के चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत-रूस के बीच डायरेक्ट ट्रेड रूट पर भी बातचीत की उम्मीद है। रूस के सुदूर पूर्वी छोर ब्लादिवोस्तो से चेन्नै तक ट्रेड कॉरिडोर बनाने पर भी बात हो सकती है। रूस की तरफ से पूतिन भारत को सुखोई-57 (Su-57) फाइटर एयंरक्राफ्ट का ऑफर दे सकते हैं। रूस पहले भी भारत को इसका ऑफर दे चुका है। Su-57 रूस का फिफ्थ जनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट है। फ्लोटिंग न्यूक्लियर पावर प्लांट (FNPP) की बातचीत होने के भी उम्मीद है। रूस, भारत को FNPP ऑफर कर सकता है। रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम ने FNPP बनाया है। अभी रूस के अलावा किसी भी देश के पास यह तकनीक नहीं है। नए डिफेंस प्रॉजेक्ट पर भी चर्चा हो सकती है।



**शाम को मोदी-पूतिन की गप्पें:** राष्ट्रपति पूतिन ने गले मिलकर PM मोदी का स्वागत किया। उन्होंने मोदी को दोस्त बताते हुए कहा, 'आपको देखकर मुझे बड़ी खुश हुई। हम घर के माहौल में कई मुद्दों पर बातचीत कर सकते हैं।' इस पर मोदी ने कहा, 'आपने मुझे अपने घर निमंत्रित किया और तय किया कि आज की शाम हम गप्पें मारें। अपने घर बुलाने के लिए मैं आपका आभारी हूं।' इससे पहले PM को गार्ड ऑफ ऑनर मिला।

## क्या है भारत-रूस समिट?

- यह समिट दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सबसे अहम संवाद तंत्र है।
- यह सालाना समिट बारी-बारी से भारत और रूस में आयोजित किए जाते हैं।
- 21 समिट अब तक आयोजिंत हो चुके हैं।
- पिछला समिट 6 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।
- 2022 में PM मोदी और पूतिन के बीच आखिरी द्विपक्षीय बैठक समरकंद में SCO समिट के इतर हुई थी।
- मोदी ने पूतिन पर दबाव डालते हुए कहा था, 'आज का युग युद्ध का नहीं है।'

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

## इस दौरे की टाइमिंग है अहम

PM मोदी के इस दौरे की टाइमिंग कई तरह से अहम है। यह G7 के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। G7 में रूस पर ज्यादा प्रतिबंद्ध लगाने और रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को ज्यादा मदद देने की बात हुई थी। अमेरिका एक साल से रूस को लेकर सख्त रुख अख्तियार किए हुए हैं। साथ ही चाबहार बंदरगाह मुद्दे पर भारत से भी नाराजगी जताई थी। ऐसे में भारत और रूस के बीच ट्रेड को बढ़ाने की बात दुनिया को भारत की तरफ से यह संदेश भी है कि भारत यह खुद तय करेगा कि उसे दूसरे देश के साथ कैसे संबंध रखने है।



© The news items are selected by Defence Science Library, DESIDOC from Print Newspapers and Authentic Online News Resources (mainly on DRDO, Defence and S&T)